हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 23 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

12 सात साल बाद ज़मीनों के सरकारी दाम दोगुने...

14 जामगांव आर में महतारी सदन निर्माण के लिए हुआ...




Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों में युवक की मौत, बुजुर्ग घायल



**बालोद।** जिले में दो अलग–अलग हादसो मे एक की मौत हो गई दूसरा घायल हो गया। दोनों ही घटनाओं में तेज रफ्तार हाइवा और चालक की लापरवाही प्रमुख कारण बताई जा रही है। पहली दुर्घटना अर्जुन्दा नगर के बस स्टैंड के पास हुई जहां परसतराई निवासी 31 वर्षीय दिनेश गजेंद्र अपने साथी लोकेश ठाकुर के साथ अर्जुन्दा मार्केट आया था। लौटते समय बनाए गए स्पीड ब्रेकर के पास उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और गुण्डरदेही से राजनांदगांव की ओर जा रही रेत से भरी हाइवा की चपेट में आ गया। हाइवा युवक के सिर के ऊपर से गुजर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद दिनेश का शव परिजनों को सौंपा गया। जहां गांव में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं कुछ घंटे बाद ही अर्जुन्दा में ही दूसरी दुर्घटना हुई। जहां कांदुल से मार्केट करने आए 65 वर्षीय डोमार सिंह दीवान को हाइवा ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को आस पास के लोगों नेस्कूटी से अस्पताल पहुंचाया। जहां से हालत को देखते हुए उन्हें राजनांदगांव रेफर कर दिया गया। अर्जुन्दा पुलिस ने दोनों हाइवा को जब्त कर लिया है।

### दो बाइक में भिड़ंत युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** भिलाई से अपनी मोटर साइकिल से बालोद आ रहे युवक को दूसरे मोटर सायकल ने ठोकर मार दिया। जिसमे युवक घायल हो गया। जिसके बाद युवक के पिता द्वारा आरोपी मोटर सायकल चालक के पिता द्वारा रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। हाउसिंग बोर्ड कोहका भिलाई निवासी तारकेश्वर शुक्ला ने पुलिस को बताया कि 20 नवंबर को मेरा लडका दीपक शुक्ला मोटर सायकल सीजी 04 एलजेड 4602 से दूध लोडिंग करने भिलाई से बालोद जा रहा था सुबह करीबन 05 बजे मेनरोड राईस मिल के पास ग्राम खप्परवाडा में बालोद की ओर से आ रही मोटर सायकल सीजी 07 जेबी 1576 का चालक ने मेरा लडका दीपक शुक्ला के वाहन को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से मेरा लडका दीपक शुक्ला के सिर, दाहिने बांये पैर में चोंट लगा है एवं वाहन क्षतिग्रस्त हो गया है घटना के बाद अपने लडका को ईलाज हेतु 108 एंबुलेंस से शासकीय अस्पताल गुण्डरदेही लेकर आया हूं।

### सवार युवक बाइक से गिरा, मामला दर्ज

**बालोद।** बाइक मे पीछे बैठा युवक बाईक से गिरकर घायल हो गया। जिसके बाद घायल युवक के पिता द्वारा बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम झिटिया पोस्ट फरदफोड थाना सुरेगांव निवासी पूरण लाल गायकवाड पिता फिरतु राम गायकवाड 59 वर्ष ने बताया 23 अक्टूबर को मेरे लडके विमल कुमार शेष पेज 12 पर

## विरोध : सड़कों पर जनता बनाम सिस्टम का टकराव

# दल्लीराजहरा में प्रीमियम वाइन शॉप को लेकर भारी जनाक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा के पुराना बाजार में खोली गई प्रीमियम विदेशी शराब दुकान ने पूरे शहर की नसों में आग भर दी है। दुकान खुली – चंद घंटे में एक लाख से ज्यादा की बिक्री और बस शहर का गुस्सा आसमान पर, विरोध ऐसा कि सड़कें गरम, सिस्टम पर सवाल, राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया। दल्लीराजहरा में शनिवार को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में बड़ा विरोध प्रदर्शन हुआ। ये जनता का साफ संदेश था कि हमारे वार्ड में शराब दुकान नहीं चलेगी और किसी भी कीमत पर नहीं। वहीं इस विरोध में जनक लाल ठाकुर – अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, नगर पालिका अध्यक्ष – तोरण लाल साहू, विशाल मोटवानी, वीरेंद्र साहू, अरुणा रामटेके सहित कई पार्षद, भाजपा का एक गुट भी खुलकर विरोध में सामने आया।

▪ एक झटके में 1 लाख की बिक्री और कुछ ही घंटों में शहर में भड़का गुस्सा



### एसडीएम ऑफिस में हाई-वोल्टेज त्रिपक्षीय बैठक

अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) सुरेश साहू के ऑफिस करीब-करीब राजनीतिक घमासान जैसी स्थिति में हुई त्रिपक्षीय बैठक में आखिरकार प्रशासन ने घुटने टेक दिए। एसडीम सुरेश साहू ने कहा की बैठक में चर्चा हुई है। दुकान शिफ्ट करने के लिए एक सप्ताह का समय लिया गया है। जनता की मांग, नेताओं का दबाव और कानून-व्यवस्था की चिंता को देखते हुए एक सप्ताह में दुकान को दूसरी जगह शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया।इस फैसले के तुरंत बाद फिलहाल आंदोलन स्थगित किया गया।

### मुख्य किरदारों के बयान

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष जनक लाल ठाकुर ने कहा कि माइन्स क्षेत्र में शराब दुकान खोलना जनता पर जुल्म है।हम पूरी ताकत से विरोध जारी रखेंगे, दुकान हटेगी ही।

तोरण लाल साहू ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि वार्ड 18 में दुकान बिल्कुल नहीं चलेगी। एक हफ्ते में हटाने का वादा हुआ है—हम जनता के साथ अडिग खड़े हैं।

एसडीएम सुरेश साहू ने कहा कि सभी पक्षों की सुनवाई के बाद निर्णय लिया गया कि दुकान को अन्यत्र शिफ्ट किया जाएगा। अगले एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई।

जिला आबकारी अधिकारी योगेश्वर त्रिवेदी ने कहा कि नगर पालिका ने एनओसी दिया था, इसलिए दुकान खुली।लेकिन अब जनता का भारी विरोध है,तीन संभावित विकल्पों पर काम चल रहा है।

मुख्य नगर पालिका के द्वारा दी गई एनओसी में स्पष्ट उल्लेख है कि विवाद की स्थिति में निक निरस्त माना जाएगा

लेकिन जारी एनओसी में साफ नियम हैः किसी भी विवाद की स्थिति में एनऔसी स्वतः निरस्त मानी जाएगी।" जबरदस्त विरोध दल्लीराजहरा में जिसके आधार पर लोग अब पूछ रहे हैं —तो फिर दुकान अब भी चल कैसे रही है।

# झोलाछाप डॉक्टर की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी बालोद ताजुद्दीन आसिफ ने ग़ैर मान्यता प्राप्त चिकित्सक रेखराम साहू आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। अभियुक्त पर गलत उपचार के कारण सुभाष कुमार जनबंधु की मृत्यु का गंभीर आरोप है।




▪ अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने कहा– गैर मान्यता प्राप्त चिकित्सक द्वारा उपचार घातक

अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सनद कुमार श्रीवास्तव ने प्रकरण की पैरवी करते हुए न्यायालय को अवगत कराया कि मृतक सुभाष कुमार के पिता द्वारा 29 जून को शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के अनुसार मृतक पिछले 15 वर्ष से बवासीर की बीमारी से पीड़ित था और 8 मई को वह उपचार के लिए ग्राम कांदुल स्थित आरोपी के क्लिनिक पहुँचा था। आरोपी द्वारा कथित तौर पर मृतक को एक ही दिन में 09 इंजेक्शन लगाए गए, जिसके बाद उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। अगले ही दिन अधिक रक्तस्राव और पेट फूलने की शिकायत पर उसे पहले अम्बागढ़ चौकी अस्पताल, फिर जिला अस्पताल राजनांदगांव और बाद में अस्पताल भिलाई में भर्तएँ कराया गया, जहाँ 11 मई 2025 को उसकी मृत्यु हो गई। शिकायत के आधार पर थाना अर्जुन्दा में आरोपी के विरुद्ध धारा 105 भा.दं.सं. धारा 12 छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह एवं रोगोपचार स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010, तथा धारा 23 छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 के तहत अपराध दर्ज किया गया। न्यायालय ने कहा कि आरोपी द्वारा बिना किसी वैध अधिकार और अनुज्ञा के उपचार किया गया, जिसका गंभीर परिणाम मरीज की मृत्यु के रूप में सामने आया। ग्रामीण क्षेत्रें में झोलाछाप चिकित्सकों की बढ़ती संख्या को समाज के लिए घातक बताते हुए अदालत ने ऐसे मामलों में कठोर रुख अपनाए जाने की आवश्यकता व्यक्त की समस्त तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने आरोपी रेखराम साहू की जमानत याचिका को निरस्त कर दिया।

# संभागायुक्त ने खप्परवाड़ा धान खरीदी केंद्र का किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के धान खरीदी केन्द्र खप्परवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

▪ व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश, अवैध धान खरीदी पर सख्ती के आदेश

इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्र खप्परवाड़ा में अब तक खरीदे गए कुल धान की मात्र, ऑनलाईन टोकन के अलावा धान खरीदी केन्द्र के मूलभूत व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी केन्द्र में केवल साफ–सूथरा एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उन्होंने किसी भी स्थिति में कोचियों एवं व्यापारियों से अवैध धान की खरीदी के रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा।

संभागायुक्त राठौर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं समिति प्रबंधकों को धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए शुद्ध पेयजल, बैठक एवं छांव इत्यादि की व्यवस्था के अलावा शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। राठौर ने धान खरीदी केन्द्र के नोडल अधिकारी, प्राधिकृत अधिकारी एवं निगरानी दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों को धान खरीदी केन्द्र में सुबह जल्दी पहुँचकर धान खरीदी का सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त राठौर ने मौके पर उपस्थित किसानों से बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा एवं अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे।

# वित्तीय संकट और विकास कार्यों की धीमी गति पर सरपंच संघ चिंतित, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ब्लॉक सरपंच संघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंच कर प्रभारी मंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी गुरूर को ज्ञापन सौंपा। सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि उन्हें निर्वाचित हुए लगभग आठ–नौ माह हो चुका है लेकिन ग्राम पंचायत में विभिन्न आवश्यक कार्यों के निष्पादन बाबत शासन से मिलने वाली पंद्रहवें वित्त की राशि अब तक प्राप्त नही हुआ है, जिसके कारण गांवों का विकास अवरुद्ध हो गया है तथा सरपंचों को कई प्रकार के समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

उन्होंने शासन प्रशासन से मांग किया कि उक्त राशि को तत्काल ग्राम पंचायतों के खाता में वितरित किया जाय। इसके अलावा अन्य मांग जिसमें किसी भी मद से स्वीकृत राशि का 100 प्रतिशत राशि कार्य आदेश के साथ ही जनपद पंचायत में भुगतान हो ताकि कार्य पूर्णता उपरांत मूल्यांकन, सत्यापन के पश्चात शीघ्र ही शेष राशि कार्य एजेंसी को प्राप्त हो सके। ऐसी व्यवस्था नहीं होने के कारण कार्य पूर्ण होने के बाद भी सरपंच गणों को 04 से 06 माह तक दफ्तर का चक्कर लगाना पड़ता है और कर्ज बढ़ता रहता है।

खनिज न्यास निधि की राशि गुरुर ब्लॉक में भी पूर्व की भांति सभी ग्राम पंचायतों में दिया जावे। उपरोक्त मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच संघ के ब्लाक अध्यक्ष डाकेश साहू, राजेन्द्र कुमार साहू, कोमल राम साहू, गोकुल राम धुरव, खोमन सिन्हा, हेमलता साहू, सहित बड़ी संख्या में सरपंचगण उपस्थित थे।

### विकास एवं वित्तीय सुधार पर जोर



पंचों द्वारा लाए जाने वाला अविश्वास प्रस्ताव पर रोक या शिथिलया प्रदान किया जाए। चूंकि आम मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोगकर सरपंच बनाता है इसलिए अविश्वास प्रस्ताव लाने का अधिकार आम जनता को मिलना चाहिए ना कि पंचों को। जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तार को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए तथा उक्त कार्यों में हो रहे अनियमितता की जांच कर अतिशीघ्र कार्य पूर्ण हेतु आदेश किया जाए। शासन से प्राप्त होते ही 15 वें वित्त की राशि का तत्काल आवंटन होना चाहिए क्योंकि 15 वे वित्त 2025– 26 की राशि आठ नौ माह पश्चात भी अब तक ग्राम पंचायत में आबंटित नहीं होने के कारण वर्तमान में कोई कार्य प्रगति पर नहीं है अतः तत्काल वित्त वर्ष की राशि प्रदान की जावे। विभिन्न निर्माण कार्यों की रुकी हुई दूसरी किस्त की राशि तत्काल आबंटित किया जाए। सभी पंचायतों में छोटे–छोटे सामाजिक भवन बनाने के स्थान पर बड़े स्तर पर सर्व सुविधायुक्त सार्वजनिक भवन का निर्माण किया जाना चाहिए। सामाजिक सहायता योजना अंतर्गत पेंशन योजनाओं में बीपीएल सूची की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी वर्गों के 60 वर्षीय वृद्ध एवं 6 वर्ष से अधिक आयु के दिव्यांग जनों को पेंशन का लाभ मिलना चाहिए। सरपंच मानदेय की राशि में वृद्धि करके 10000 किया जावे एवं पंचों को 1000 प्रति माह प्रदान किया जाए।

## सिरसिदा में लगा रासेयो का 7 दिवसीय विशेष शिविर

# शिविर में युवाओं ने सेवा-संस्कार का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

राष्ट्रीय सेवा योजना माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सिरसिदा विकासखंड गुंडरदेही जिला बालोद में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पर आयोजित की जाती है जो युवाओं में शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा राष्ट्र निर्माण और समूचे समाज की सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध किया जाता है सुबह शिवरार्थी प्रभात फेरी कर गाओ वाले को जागरूक किए उसके बाद गांव के दाउ पारा में नाली निर्माण, गली गली में नुक्कड़ नाटक के नशा मुक्ति के लिए जागरूक किए एवं गांव के व्यक्तियों को संदेश दिए। समापन में माननीय कुंवर सिंह निषाद ( विधायक विधानसभा गुण्डरदेही),नितिन शर्मा ( उपनिदेशक माई भारत),पुरुषोत्तम चंद्राकर ( अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही),श्री मति सरस्वती चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा, कुलदीप साहू ( अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंद) ,एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ। डॉ लीना साहू (जिला संगठक रासेयो जिला बालोद) ने पूरे शिविर में गाओ में जितना काम हुआ सभी को संक्षिप्त से बताया।

▪ नशा मुक्ति जागरूकता, नाली निर्माण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से गांव में बढ़ी सक्रियता




**सामाजिक मूल्यों व व्यक्तित्व का विकास है रासेयो शिविर का उद्देश्य-** रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वरांजली म्यूजिकल ग्रुप रौन द्वारा किया गया । राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्देश्य छात्रों को जीवन में सामाजिक मूल्यों के साथ साथ व्यक्तित्व के विकास के लिए आयोजित किया जाता है जिसमें सात दिवसीय तक छत्तीसगढ़ शासन राष्ट्रीय सेवा प्रकोष्ठ की योजना नशा मुक्त युवा थीम की गांव में शेष पेज 12 पर

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
NABH Certified
24x7 Emergency Services
किसी भी मेडिकल इमरजेंसी एवं ट्रामा में हमेशा आपके साथ...

विशेषज्ञ टीम 27x4 उपलब्ध
डॉ. दीपक वर्मा (MBBS, MS) ऑर्थोपेडिक एवं ट्रॉमा सर्जन
डॉ. ए. त्रिवेदी (MBBS, DNB, MCh) न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन
डॉ. जोगेश चंद्र मरहुल (MBBS, MS) लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
डॉ. नीरज (MBBS, MS) लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
• अत्याधुनिक मशीनों द्वारा चेकअप एवं इलाज
• विशेष प्रशिक्षित आईसीयू नर्सिंग स्टॉफ
• अत्याधुनिक एवं जीरो इंफेक्शन मेडिकल एवं सर्जिकल आईसीयू
• 27X4 ट्रॉमा एवं स्ट्रोक टीम • 27X4 आपातकालीन सेवा
स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
0788-4052040 | 77730 10941
CALL FOR EMERGENCY 62691 62691
Deepak Advts.

## खबर संक्षेप



### ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के लिए पुलिस कर्मियों का चयन

**भिलाई।** नागपुर में आयोजित 6 दिवसीय 69 वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2025 के लिए दुर्ग पुलिस रेंज से अधिकारियों एवं कर्मियों का चयन किया गया है। इसमें 6 विषयों साइंटिफिक एड्स टू इंवेस्टीगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, पुलिस वीडियोग्राफी, एण्टीसबोटाज चेक, कम्प्यूटर अवेयरनेस, डॉग स्क्वाड पर प्रतियोगिता होगा। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों दुर्ग जिला उप निरीक्षक अमित अंदानी, सहायक उप निरीक्षक किरेन्द्र सिंह, निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सउनि कांताराम थिलेन्द्र, जिला बालोद, आरक्षक शेख अबुबकर, जिला दुर्ग आरक्षक मनीष ठाकुर, जिला बालोद, आरक्षक विजेन्द्र सिंह, दुर्ग आरक्षक हीरालाल , आरक्षक सुरेश नारंगे, जिला बेमेतरा आरक्षक काशीराम बरेठ, दुर्ग, आरक्षक विनोव राजपूत, जिला बेमेतरा, आरक्षक राजकुमार कश्यप,आरक्षक नरेन्द्र लहरे दुर्ग पुलिस रेंज से चयनित कर पुलिस मुख्यालय, रायपुर भेजा गया है।

### बीएसपी का विशेष स्वच्छता अभियान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं एवं जन स्वास्थ्य विभाग (पीएचडी) द्वारा टाउनशिप क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान ऑपरेशन नसीब चलाया जा रहा है।विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ किया जा रहा है। लोगों को सफाई के प्रति जागरुक किया जा रहा है। महाप्रबंधक केके यादव ने सिक्स ट्री एवेन्यू, सेक्टर-8 से पावर हाउस स्टेशन होते हुए सेक्टर-10 तक का निरीक्षण के दौरान सिक्स ट्री एवेन्यू के पटरी पार क्षेत्रों में देर रात व्यापारी एवं रहवासी द्वारा फेंके जा रहे कूड़े, बिल्डिंग मलबे एवं पैकेजिंग वेस्ट को हटाने सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। अभियान में सड़कों के किनारों से बड़े पैमाने पर कचरे के ढेर हटाए जा रहे हैं, झाड़ियों की कटाई की जा रही है। सेक्टर-10 सहित अन्य सेक्टरों में झाड़ियों की कटिंग,डंप हटाने का कार्य निरंतर जारी है। इस दौरान एजीएम रमेश कुमार गुप्ता, मिलिंद कुमार आदि उपस्थित थे।

### खुरसुनी में रासेयो ने लगाया 7 दिवसीय विशेष शिविर

**बालोद/अर्जुन्दा।** शहीद दुर्वासा निशाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम खुरसुनी में किया गया है। जिसका थीम नशामुक्त समाज के लिए युवा रखा गया है। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना किशोर कुमार टंडन ने बताया उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत खुरसुनी योगेश्वर साहू होंगे। अध्यक्षता प्राचार्य शहीद दुर्वासा निशाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा डॉ सोमाली गुप्ता, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जनभागीदारी समिति सूर्यकांत गजेन्द्र रहेंगे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत खुरसुनी योगेश्वर साहू करेंगे। अध्यक्षता प्राचाग्र शहीद दुर्वासा निशाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा सोमाली गुप्ता करेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला खुरसुी हूबलाल बोरकर रहेंगे।

### मधु आयरन फैक्ट्री में श्रमिक की मौत

**भिलाई।** काम कर रहे श्रमिक के ऊपर तीन चार क्विंटल लोहे का राड गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान श्रमिक की मौत हो गई। मामले में पुलिस जांच कर रही है। जामुल पुलिस ने बताया कि शिव कुमार चौहान नामक श्रमिक जामुल में मधु आयरन में काम करता था। शिव मॉल शिफ्टिंग का काम करता था। अचानक शिफ्टिंग के दौरान लोहे का राड शिव के ऊपर गिर गया। गंभीर रुप से घायल को कंपनी के अन्य श्रमिकों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट होने से उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शिव विवाहित है उसके दो बच्चें भी है।

# सात साल बाद ज़मीनों के सरकारी दाम दोगुने, अचानक लागू आदेश से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

प्रदेश सरकार द्वारा सात साल बाद ज़मीनों के सरकारी दामों में बड़े पैमाने पर वृद्धि किए जाने के बाद पूरे शहर और ग्रामीण क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। नए रेट लागू होते ही शहर के आठ वार्डों में प्रति वर्गमीटर कीमत 72,000 रुपए तक पहुंच गई है, जबकि गांवों में कृषि भूमि के दाम 76 लाख रुपए प्रति एकड़ तक जा पहुंचे हैं। नए रेट गुरुवार से लागू होते ही जमीन खरीद-बिक्री के कारोबार में मंदी की आशंका गहरा गई है। कई इलाकों में लोग रजिस्ट्री करवाने की प्रक्रिया को अचानक रोक रहे हैं।

नई गाइडलाइन का असर दल्लीराजहरा सहित पूरे जिले पर प्रदेश सरकार द्वारा नई गाइडलाइन जारी करने के बाद जिला-वार समितियों ने रेट तय किए थे। समिति की सिफारिश पर सरकारी दामों में 40–60 प्रतिशत तक एकमुश्त बढ़ोतरी कर दी गई। सरकारी सूत्रों के अनुसार, पिछले सात वर्षों में रियल एस्टेट क्षेत्र में विकास, सड़क निर्माण, कॉलोनियों के विस्तार और बाजार गतिविधियों को देखते हुए यह वृद्धि 'जरूरी' मानी गई थी।

**सात साल बाद मूल्य संशोधन जरूरी था–** जिला पंजीयन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया— "पिछले सात वर्षों में भूमि मूल्यों का पुनर्मूल्यांकन नहीं हुआ था। शहर के विस्तार, सड़क विकास और बढ़ती मांग को देखते हुए गाइडलाइन के अनुरूप नई दरें लागू की गई हैं। इसका उद्देश्य राजस्व व्यवस्था को अपडेट रखना है।"

## शहर में 40 से 60% तक बढ़े रेट, गांवों में खेत खरीदना हुआ और महंगा, जनमानस में भारी आक्रोश

### गांवों में भी असर

खेती की जमीन के दाम में उछाल केवल शहर ही नहीं, बल्कि डौंडी, गुंडरदेही, बालोद क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भी कृषि भूमि के दाम उछल गए हैं। कई जगहों पर 76 लाख प्रति एकड़ तक रेट पहुंचने से किसानों और खरीदारों दोनों में चिंता है। किसान दामोदर नेताम ने कहा— "इतने महंगे खेत कौन खरीदेगा? निवेशकों की रुचि घटेगी और खेती की जमीनें बेकार पड़ी रह सकती हैं।" जमीन कारोबार से जुड़े लोगों का अनुमान है कि आने वाले महीनों में रजिस्ट्री की संख्या में भारी गिरावट हो सकती है।



### सरकार ने आम आदमी के घर का सपना महंगा कर दिया

शहर में नए रेट के बाद आम नागरिकों में आक्रोश साफ़ दिख रहा है। कई लोग इसे सीधे-सीधे जनहित के खिलाफ करार दे रहे हैं। स्थानीय निवासी अनिल दुबे ने कहा— "पहले ही महंगाई ने कमर तोड़ रखी थी, अब ज़मीन खरीदना तो आम आदमी के बस की बात ही नहीं रही। जो लोग घर बनाने का सपना लिए बैठे थे, अब वो भी दूर हो गया है।" वहीं गृहणीयों और मध्यमवर्गीय परिवारों का कहना है कि पहले ही निर्माण सामग्री महंगी हो चुकी है, ऊपर से जमीन के दाम दोगुने हो जाने से घर बनाना मुश्किल हो गया है।

## धान खरीदी : समर्थन मूल्य पर केवल वास्तविक किसानों से ही धान की खरीदी

# जिले में अवैध धान खरीदी पर प्रशासन ने अपनाया कड़ा रवैया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के मंशानुरूप समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान की खरीदी सुनिश्चित करने हेतु बालोद जिले में धान की अवैध खरीदी बिक्री पर रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा पूरे मुस्तैदी के साथ कार्य किया जा रहा है।

■ थोक और फुटकर व्यापारियों के गोदामों में अवैध धान की जप्ति अभियान के तहत की गई कार्रवाई

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार राजस्व, सहकारिता, खाद्य एवं कृषि उपज मंडी सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा धान के थोक एवं फुटकर व्यापारियों के दुकानों एवं गोदामों की जाँच कर उन्हें जारी किए गए अनुज्ञप्ति एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर धान की मात्र कम या अधिक पाए जाने पर अतिरिक्त धान की जप्ति की कार्रवाई की जा रही है। ज्ञातव्य हो कि जाँच के दौरान जाँच दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा थोक व्यापारियों के गोदामों एवं दुकानों में रखे गए धान का बी–1 पंजी से मिलान किया जाता है। इसी तरह फुटकर व्यापारियों का जारी किए गए अनुज्ञप्ति के आधार पर क्षमता के अनुरूप जमा किए गए धान एवं उसका टैक्स जमा की भी पड़ताल की जाती है। कृषि उपज मंडी के सचिव संजीव वाहिले ने बताया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा बालोद जिले में धान खरीदी में फजऍवाड़ा को रोकने के लिए कोचियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए आज 21 नवंबर तक 3089 क्विंटल 40 किलो धान की जप्ति की कार्रवाई की गई है।



### अभियान चलाकर की जा रही अवैध रूप से रखे धान की जप्ति की कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि बालोद जिले में अब तक कुल 39 कोचियों एवं थोक और फुटकर व्यापारियों के दुकानों एवं गोदामों में सघन अभियान चलाकर अनुज्ञप्ति एवं दस्तावेज के आधार पर धान नही पाए जाने पर धान जप्ति की कार्रवाई की गई है। इसके अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम आनंदपुर के व्यापारी चंद्रहास यादव के गोदाम से 30 हजार 400 कीमत के कुल 16 क्विंटल, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भीमकन्हार के व्यापारी सुभाषचंद जैन के गोदाम से 36 हजार 80 रूपये की कीमत के कुल 17 क्विंटल 60 किलो तथा ग्राम भीमकन्हार के गौतमचंद जैन के दुकान से 37 लाख 08 हजार 120 रूपये कीमत के कुल 1901 क्विंटल 60 किलो धान जप्ति की कार्रवाई की गई है। वाहिले ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य प्रारंभ होने के पश्चात 10 नवंबर से लगातार जाँच दल के अधिकारियों के द्वारा कोचियों तथा थोक एवं फुटकर व्यापारियों के गोदामों एवं दुकानों के सघन जाँच अभियान चलाकर अवैध रूप से रखे गए धान की जप्ति की कार्रवाई की जा रही है।

# फायरिंग करने वाले फरार दो शूटर को पुलिस ने पकड़ा

## बाइक, पिस्टल और कारतूस जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फायरिंग मामले में पुलिस ने पिस्टल, कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि 14 नवम्बर की शाम घासीदास नगर जामुल में कैम्प 2 निवासी विकास प्रजापति पर फायरिंग कर हत्या का प्रयास का घटना हुआ था।

घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। इसमें अब तक पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चूकी है। आरोपी करण साव ने झारखंड से भाड़े में शुटरों में झींगनगर हटिया, थाना बिहार शरीफ राजेश और जगन्नाथपुर, न्यू कॉलोनी रांची झारखंड बबलू उर्फ बडका को पुलिस ने पकड़ा है। ये दोनों शुटरों को विकास की हत्या करने के लिए बुलाया गया था। आरोपी राजेश करण का ममेरा भाई है जो रेल्वे व अन्य प्रतियोगी परीक्षा देने भिलाई आया था। शिवम की हत्या का बदला लेने के लिए राजेश की मदद लिया उसने बबलू उर्फ बडका को हत्या का जिम्मा दिया।

करण ने पिस्टल, गोलियों की व्यवस्था के लिए शुटरों को 55 हजार रुपए दिया था। घटना के बाद आरोपियों को सीजी 07 एपी 1013 में रायपुर की ओर भाग निकले। बाइक को भिलाई तीन बाजार के किनारे खडी कर आटो से आरोपी रायपुर बस स्टैण्ड पहुंचे थे। आरोपियों की निशानदेही पर पिस्टल, कारतूस(7.65), बाइक जब्त किया गया है।

# किसानों के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन और रकबा संशोधन की बढ़ी अवधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान, वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे मेन की कार्यवाही हेतु 25 नवंबर 2025 तक अतिरिक्त समय का प्रावधान किया है। किसान इसके लिए अपने संबंधित तहसील कार्यालय में जाकर पंजीयन और रकबा संशोधन का कार्य करा सकते हैं।

■ 25 नवंबर तक अतिरिक्त समय, शेष कृषक, डूबान और वन पट्टाधारी

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने समस्त तहसीलदारों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि खरीफ वर्ष 2025 में एकीकृत किसान पोर्टल के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही 01 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक करने का निर्देश जारी किया गया था। किन्तु किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान, वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन के लिए 19 नवंबर से 25 नवंबर तक एक सप्ताह अतिरिक्त समय का प्रावधान पोर्टल के तहसील लॉगिन में किया गया है। इसके साथ ही किसानों को पंजीयन में यदि किसी प्रकार की समस्या या तकनीकी समाधान की आवश्यकता हो तो एग्रीस्टेक हेल्पडेस्क के टोल फ्री नंबर पर कॉल कर के सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। धान बिक्री से संबंधित किसी अन्य प्रकार की समस्या पर खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर पर काल कर के सहयोग लिया जा सकता है।

### ऑनलाइन किसान पोर्टल से एग्रीस्टेक पोर्टल में ग्राम कसही (लो) की त्रुटि

**डौंडीलोहारा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित डौंडीलोहारा पं. क्रमांक 469 में शासन द्वारा किसान पोर्टल एवं सीएससी से एग्रीस्टेक पोर्टल में कृषकों का पंजीयन किया गया है। जिसमें समिति डौंडीलोहारा अंतर्गत ग्राम कसही (लो) आता है, जिसमें 166 किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन ग्राम कसही (लो) से हटकर मैपिंग के कारण तहसील मार्री बंगला देवरी के अंतर्गत ग्राम कसही (ट) के एग्रीस्टेक पोर्टल में प्रदर्शित हो रहा है, जिससे किसानों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। समिति के अनुसार अग्रीस्टेक पोर्टल में प्रदर्शित त्रुटिपूर्ण ग्राम नाम के कारण किसानों की उपज का विक्रय, समर्थन मूल्य हेतु पंजीयन सहित अन्य प्रक्रियाएँ प्रभावित हो रही हैं। किसान अपनी वास्तविक ग्राम पंचायत के नाम की बजाय गलत ग्राम कोड दिखाई देने से भ्रमित हो रहे हैं, जिसका सुधार स्थानीय स्तर पर संभव नहीं है।समिति प्रबंधन ने वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध किया है कि एग्रीस्टेक में प्रदर्शित त्रुटि को शीघ्र दुरुस्त किया जाए।

# टटेंगा स्कूल में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए हर्षा देवांगन दे रही उपचारात्मक शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शाउमावि टटेंगा जिला बालोद में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार हेतु शिक्षार्थियों को उपचारात्मक शिक्षा दिया जा रहा है। आर के देवांगन प्राचार्य ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता मतलब छात्रों की समझ, छात्रों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। जिससे लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। विद्यार्थियों को लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिए और उसकी प्राप्ति के लिए सतत प्रयास करते रहना चाहिए। हमारे विद्यालय की व्याख्याता हर्षा देवांगन द्वारा उपचारात्मक शिक्षण हेतु कक्षा लिया जा रहा है,कक्षा 9वीं 10वीं और 11वीं के विद्यार्थी त्रैमासिक परीक्षा उपरांत असंतोष जनक अंक अर्जित किये हैं उन विद्यार्थियों का उपचार स्वरूप उपचारात्मक शिक्षण कक्षा शाला अवधि के अतिरिक्त समय देखकर कक्षा लिया जा रहा है जो की बहुत सराहनीय कार्य है। परीक्षा प्रभारी चंद्रमणि वासनिक ने उपचारात्मक शिक्षण कक्षा का निरीक्षण किया और कहा कि उपचारात्मक शिक्षण के द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ेगा विद्यार्थियों को व्याख्याता हर्षा देवांगन द्वारा उपचारात्मक शिक्षा दी जा रही है जिसे विद्यार्थियों के स्तर में सुधार आ रहा है।

■ शाउमावि टटेंगा में उपचारात्मक शिक्षा से बढ़ी शैक्षणिक गुणवत्ता

**शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने का हो रहा भरसक प्रयास–** हर्षा देवांगन व्याख्याता उपचारात्मक शिक्षण कक्षा लेते हुए कहा कि एक कक्षा में अलग अलग स्तर के विद्यार्थी होते हैं उनके स्तर की परख कर उन्हें वर्गीकृत करके जो विद्यार्थी का स्तर निम्न था, या त्रैमासिक परीक्षा में अपेक्षाकृत कम अंक प्राप्त किए थे उन सभी विद्यार्थी को उपचार स्वरूप उपचारात्मक कक्षा 8 अक्टूबर 2025 से आज पर्यन्त तक लिया जा रहा है। उपचारात्मक शिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को पढ़ाई में कमी या लक्ष्य प्राप्ति में कमी का कारण पूछकर उनका निराकरण किया गया। कुछ में आत्मविश्वास की कमी, कुछ विद्यार्थियों में बुनियादी बातों की सुदृढ़ता में कमी ऐसी विभिन्न समस्याओं का निराकरण कर शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने का भरसक प्रयास किया गया जा रहा हैं इस प्रकार उपचारात्मक शिक्षण कक्षा चलते डेढ़ महीने हो गया है जिसमें विद्यार्थियों को सतत लाभ मिल रहा है।

**इन्होंने दी बधाई–** उनके शिक्षा के स्तर में सुधार आते जा रहा है, उपरोक्त कार्य हेतु संस्था के प्राचार्य आरके देवांगन वरिष्ठ व्याख्याता एवं परीक्षा प्रभारी चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देवनाथ, पवन सिंहा,अजय पाठक,हेपशिबा एंथोनी, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन,बिंदु पटेल, बिंदु साहू एवं सी सोनबोइर,अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, कुंदन सहित समस्त स्टाफ ने बधाई प्रेषित किये हैं।

## कथा वाचक कामता प्रसाद शरण ने आयोजित किया रामचरितमानस गान कार्यक्रम

# रामचरितमानस गान के अवसर पर प्लास्टिक मुक्त अभियान को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुप्रसिद्ध कथा वाचक कामता प्रसाद शरण के द्वारा रामचरितमानस गान का कार्यक्रम ग्राम बेलमंड में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में ग्राम सिर्राभाटा निवासी समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा विगत वर्षों से बालोद जिला के हर एक गांव को प्लास्टिक मुक्त गांव आदर्श गांव के सपना को साकार करते हुए महर्षि मुक्त की कीड़ा स्थली बेलमांड के ग्राम विकास समिति को 200 नग स्टील थाली, 200 स्टील ग्लास प्रदान किया गया। उन्होने कहा ग्राम बेलमंड में किसी के यहां भी कोई मांगलिक कार्यक्रम हो या मृत्यु भोज का अवसर हो सिंगल युज प्लास्टिक के दोना पत्तल का उपयोग न करें, अनावश्यक रूप से होने वाले खर्चों से बचा जा सके, इसलिए स्टील के थाली गिलास का उपयोग करें, प्लास्टिक की दोना पत्तल डिस्पोजल जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है, स्वच्छ जल, शुद्ध वायु, जहरीले भोजन के कारण मानव शरीर कई प्रकार की बीमारियों से लड़ रहा है, इनसे बचा जा सके, आज के इस अवसर में समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा की प्रतिनिधि छोटे भाई खिलावन सिन्हा के द्वारा स्टील थाली गिलास प्रदान किया गया।

■ समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा ने ग्राम बेलमंड को भेंट किए स्टील थाली और ग्लास



**ये रहे उपस्थित–** इस कार्यक्रम में अमृता नंद सिन्हा, बलराम सिन्हा, ग्रामीण अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू, सचिव हरिशंकर, मन्नू लाल साहू, सरपंच चमेली बाई, मिलन कुमार साहू, गोवर्धन साहू, द्वारिका प्रसाद, रोमन मांडवी, दीनबंधु साहू, मुकेश कुमार साहू, धनुष राम ठाकुर, प्रहलाद साहू, घनश्याम, प्रभु राम तिहारू राम, हरीश दुबे, मनोज कुमार सेन एवं भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### सवार युवक...

गायकवाड दुर के रिश्ते के भाई धर्मेन्द्र देशलहरे के साथ क्रमांक सीजी 24 टी 2994 से सिर के बाल बेचने ग्राम झिटिया से राजनांदगांव सुबह 07 बजे निकला था जो राजनांदगांव से वापस ग्राम झिटिया आते समय लगभग 10 बजे ग्राम टटेंगा बस्ती के बाहर धर्मेन्द्र देशलहरे के द्वारा उक्त मोटर सायकल को रोड किनारे रखे गिट्टी में चढा दिया जिससे मेरा लडका विमल जो मोटर सायकल के पीछे बैठा था वह उछलकर रोड में गिर गया जिससे मेरे लडके के सिर के ऊपर अंदरूनीं चोंट हुआ बांया कान और बांया हांथ में चोंट लगने से बेहोश हो गया। मैं अपने लडके विमल को अपने छोटे लडके व्यासनारायण के साथ मोपेड में बैठाकर घर लाया तब उपचार हेतु ऊतई के अस्पताल लेकर गये वहां मेरे लडके को 23 अक्टूबर को उपचार के लिये भतऍ किया गया जिसकी हालत में थोडा सा सुधार होने पर 05 नवंबर को डिस्चार्ज किया गया डाक्टर के द्वारा बोला कि इसकी हालत ठीक होने कुछ 4 से 6 महिना लग सकता है। जो ईलाज कराने पश्चात 21 नवंबर को थाना देवरी में धर्मेन्द्र देशलहरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

### शिविर में युवाओं...

जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें नशा मुक्ति अभियान , नूकड़ नाटक, इस कार्यक्रम के आयोजन पर ग्राम के प्रमुख कहा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से ग्राम जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं और इस दल के साथ जागरूक करने के लिए लोगों के बीच सात दिन तक हम भी कार्य करेंगे, कार्यक्रम का प्रारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार महा नदी हे अपार से हुआ और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजन में संचालन संजय शुक्ला ने किया। अधिकारी आभार व्यक्त डॉ लीना साहू ( जिला संगठक रासेयो)साहू ने किया। इस अवसर पर जिला संगठक डॉ लीना साहू ,कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक कौशल गजेंद्र ,रुचि देशमुख, रुद्र प्रताप साहू ,रोशन साहू,अभिषेक कुमार, मिथलेश कुमार,विक्की साहू,ज्योति साहू दीपिका सोनकर ,चित्रांशी ,सिमरन, इंद्राणी सेन,गुलशन,हर्षित बारले,सोमेश कुमार,मेघा एवं समस्त स्वयंसेवक सेवकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




















## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप



### अरजपुरी में पारंपरिक मड़ई मेला 30 को

**डौंडीलोहारा।** वनांचल ग्राम अरजपुरी में 30 नवंबर, रविवार को पारंपरिक मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीण पंकज जैन ने बताया कि छत्तीसगढ़ की मड़ई परंपरा सदियों पुरानी है, जो मेल-जोल, भेंट और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। खरीफ फसल के बाद देवी-देवताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और अपनों से मिलने का यह प्रमुख उत्सव ग्रामीण जीवन की पहचान है। ग्रामीण गणेश राम रात्रे ने बताया कि अरजपुरी देव मड़ई क्षेत्र की प्रसिद्ध मंडइयों में से एक है, जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालु 'क्षेत्रवाली' देवी के दर्शन एवं मनोकामना पूर्ति के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम नाचा गम्मत से सजेगी महफिल ग्रामीण युवा शीतल भुआर्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ी लोक कला जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, ग्राम अरजपुरी में ज्ञान के पूजा नाचा पार्टी (मूरमाड़ी) महाराष्ट्र एवं समीप के ग्राम खैरकट्टा में छत्तीसगढ़ी लोककला घीना नाचा पार्टी अपनी प्रस्तुति देंगें।

### रंगोली स्पर्धा में पायल निषाद अव्वल, हेमचंद विवि को दिलाया गौरव

**बालोद/अर्जुन्दा।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा अंतरमहाविद्यालयीन युवा उत्सव 2025–26 के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका विषय छत्तीसगढ़ की संस्कृति था। इस प्रतियोगिता का आयोजन खालसा



महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुंदा की पीजीडीसीए की छात्र पायल निषाद ने अपनी सहभागिता दी। जिसका परिणाम बुधवार को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के द्वारा परिणाम जारी किया गया। जिसमें शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा की पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर की छात्र पायल निषाद पिता उभयलाल निषाद ने अंतर महाविद्यालयीन रंगोली प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल कर पूरे महाविद्यालय सहित बालोद जिले का मान बढ़ाया है। उनकी उपलब्धियां पर महाविद्यालय गौरवान्वित महसूस कर रही है। अब पायल निषाद 39वें जोनल युवा उत्सव में दिनांक 25 नवंबर से 29 नवंबर तक एमजीएम यूनिवर्सिटी, छत्रपति संभाजीनगर, औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में आयोजित होने वाले जोनल युवा उत्सव 2025 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग का प्रतिनिधित्व करेगी।

## निधन

### ईश्वरी साहू

**बालोद।** ग्राम बेलोंदी के ईश्वरी साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 23 नवंबर को निवास स्थान से ग्राम बेलोंदी के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गुण्डरदेही विधानसभा के पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू एवं चुन्नी साहू के पिता एवं आशीष साहू, राहुल साहू की दादा थे। ज्ञातव्य हो कि इसी माह में उनकी माता का भी निधन हो गया था।



### देवंतीन बाई साहू

**बालोद।** मरारपारा निवासी देवंतीन बाई साहू 76 वर्ष का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार पाण्डेपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे पवन साहू व लोकनायक साहू की माता थी।



**भूमिपूजन : जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने की भूमिपूजन पूजा-अर्चना**

# जामगांव आर में महतारी सदन निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन, महिलाएं होंगी और सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

जिला पंचायत क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने वाली जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाली महतारी सदन का भूमिपूजन गुरुवार को जामगांव आर में किया।

■ महतारी सदन बनेगा ग्रामीण माताओं के विकास, सुरक्षा और सामुदायिक गतिविधियों का केंद्र

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जामगांव आर में आयोजित इस कार्यक्रम में जीते हारे सरपंच प्रत्याशी सहित जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर खास तौर पर उपस्थित होकर विकास के लिए हम सब एक है का संदेश दिए। नगर पुरोहित पंडित मुकेश शुक्ला के मंत्रेच्चारण से भूमिपूजन का पूजा अर्चना संपन्न हुई। पूजा अर्चना में तीन माताएं जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू, भाजपा जिला मंत्री शैलेंद्री मंडावी, भाजपा नेत्री नंदनी साहू ने भाग लिया।

**विकास की गंगा बहाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी-** जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र की विकास को प्राथमिकता देना जनप्रतिनिधियों का काम होना चाहिए। भाजपा सदैव विकास की हिमायती रही है, हर हालत में हम सब जनप्रतिनिधि को मिलकर क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि मतदाताओं ने हमें विकास करने जनता के दर्द को समझकर हल निकालने के लिए ही अपना बहुमूल्य वोट दिया है।



**महतारी सदन निभाएगा माताओं के उन्मुक्त विकास में भूमिका**

जिला पंचायत सभापति ने कहा कि जामगांव आर क्षेत्र का हृदय स्थल है जामगांव आर का महतारी सदन बहुउपयोगी साबित होगा। महतारी सदन का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र की माताओं बहनों को सुरक्षित,सशक्त और उपयोगी सामुदायिक भवन उपलब्ध कराने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम है। महतारी सदन केवल महिलाओं कि तरक्की का आधार ही नहीं बल्कि पुरे प्रदेश की तरक्की का आधार साबित होगा।

### ये रहे उपस्थित

भूमिपूजन समारोह में सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, के साथ सदस्य जनपद पंचायत पाटन रामकुमार चंद्राकर, अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा दक्षिण पाटन नारद साहू, सरपंच जामगांव आररूपेंद्र शुक्ला, उपसरपंच जामगांव आर मुकेश साहू, मंत्री जिला भाजपा दुर्ग शैलेंद्री मंडावी, कन्हैयालाल साहू, धर्मेंद्र निर्मल, पूर्णेंद्र सिन्हा, सीताराम साहू, नरेश केला, भगवान चंद्राकर, मुकेश शुक्ला, मेघनाथ सागरवंशी मंचासिन रहे। पंकज, गनेश्वर साहू, ऋषि चंद्राकर, नंदनी साहू, दामिन साहू, संतोष, मनहरण, शरद, संतु यादव, तीरथ चंद्राकर सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा में लगा आनंद मेला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की याद में आनंद बाल मेला लगाया गया। इस अवसर स्कूली बच्चों द्वारा शाला परिसर में विभिन्न प्रकार के पकवानों का नेमप्लेट एवं संचालनकर्ता के नाम सहित स्टाल लगाया गया। इस स्टाल में ढोकला, चना चटपटी, भेल, चाइनीज पकौड़ा, इडली, मिर्ची भजिया, पास्ता, मैगी, अमरूद एवं अन्य खाद्य पदार्थों का स्टाल एवं मनोरंजक खेल का स्टाल लगाया गया। बाल मेला का आनंद लेने शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों के साथ ग्रामवासी भी उपस्थित हुए।

बाल मेला में बच्चों द्वारा क्रय विक्रय, लाभ हानि, व्यापार, व्यवहार की अवधारणा से भली भांति परिचित हुए। जिसमें बच्चों ने खूब मस्ती करते नजर आए। इस मेला में आंगनबाड़ी केन्द्र अण्डा, मीडिल स्कूल के बच्चों के साथ साथ शिक्षको ने बच्चों के स्टाल से मनपसंद पकवानों का भरपूर आनंद खूब आनंद लिये और बच्चों के प्रयास की सराहना किये। सभी ने आनंद मेला का लुत्फ उठाया। सभी ने कहा शिक्षा के साथ साथ ऐसे आयोजन होने से बच्चों के मानसिक स्थिति पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। पढ़ाई के साथ साथ अन्य इसी प्रकार के कार्यक्रम होने से बच्चों के स्कूल आने की ललक बढ़ती है। बाल मेला के सफल आयोजन के अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक चन्द्रहास साहू और पेमिन नागवंशी (सहायक शिक्षक) ने उपस्थित बच्चों के साथ साथ ग्रामीणजनों की उपस्थिति पर धन्यवाद ज्ञापित किये। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूजा निर्मलकर(अध्यक्ष), जामवंत साहू (उपाध्यक्ष), डी.पी. चन्द्राकर (से.नि. प्राचार्य), लुकेश देवांगन (विधायक प्रतिनिधि), प्रवेश देवांगन (समन्वयक), जितेन्द्र चन्द्राकर, संतोष पाटिल, प्रदीप सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, देवश्री चन्द्राकर, शकुन साहू, दीपिका धीवर, सविता रमनाज बेगम, महेश्वरी साहू, लाकेश्वरी, भामिनीराज, सीता साहू, मोनिका साहू, कुसुमलता यादव, कुसमा ठाकुर, भागीरथी के साथ साथ गांववासी उपस्थित थे।



**बच्चों ने लगाए आकर्षक फूड व गेम स्टॉल**

# राज्य स्तरीय बालिका हॉकी टूर्नामेंट की तैयारियां अंतिम चरण में




हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला हॉकी संघ बालोद द्वारा आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय हॉकी टूर्नामेंट द्वितीय संस्करण 2025–26 की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। यह प्रतियोगिता बालिका वर्ग 16 वर्ष के लिए कन्नेवाड़ा, करहीभदर में आयोजित की जाएगी। टूर्नामेंट के पोस्टर का विमोचन जिला हॉकी संघ बालोद के अध्यक्ष, जिला पंचायत बालोद एवं चेयरमैन, छत्तीसगढ़ राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी उपाध्यक्ष टोमन साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष सूर्यकांत सिन्हा, संरक्षक राजेश घोड़ेसवार, संरक्षक किशोर कराड़े, सचिव तोरण सिन्हा, अध्यक्ष मिथिलेश तारम और हॉकी कोच दीपक तारम उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने बालिका हॉकी विकास के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। जिला हॉकी संघ के अनुसार यह आयोजन जिले की प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन का मंच प्रदान करेगा तथा हॉकी खेल को नई दिशा देगा।

# भव्य रामकथा व भजन संध्या का आयोजन, कामता प्रसाद शरण देंगे संकीर्तन प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

अग्रणी सामाजिक संस्था रामजानकी सेवा समिति के द्वारा छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथा वाचक एवं भजन सम्राट कामता प्रसाद शरण के जय गुरुदेव संकीर्तन मानस परिवार, कूड़े दादर का कार्यक्an> राम कथा एवं भजन संध्या का भक्तिमय आयोजन रविवार रात 8 बजे से कोठारी मैदान, कुसुमकसा आयोजित है, कामता प्रसाद शरण हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी के सुप्रसिद्ध कथा वाचक है।

राम जानकी सेवा समिति नगर व आस पास के क्षेत्रों में धर्म के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका निभाती है।चाहे किसी गरीब की बेटी की शादी हो या जरूरत मंद लोगों का इलाज हो समिति सहयोग के लिए हमेशा आगे रहते है समिति के अध्यक्ष संतोष जैन ने आस पास के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आकर आनंद लेने की अपील की है।

### ये रहेंगे उपस्थित

उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञदत्त शर्मा (राज्यमंत्री,छ.ग शासन), अनिला भेड़िया (विधायक,डौंडीलोहारा), देवलाल ठाकुर (प्रदेश प्रवक्ता,भाजपा) के मुख्य आतिथ्य तथा मुकेश कौड़ो (अध्यक्ष,ज पं डौंडी), मिथिलेश नुरेटि (सदस्य,जि पं बालोद) अमित कुकरेजा (अध्यक्ष,चैम्बर ऑफ कामर्स,दल्ली राजहरा) के विशिष्ट आतिथ्य विशेष अतिथि अनिल सुथार (अध्यक्ष, व्यापारी संघ), आत्माराम चूरेंद्र (अध्यक्ष, ग्राम विकास समिति) के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा। आयोजक समिति के संतोषजैन (अध्यक्ष,आयोजन समिति), मंजू बैस (जनपद सदस्य), वेद बाई पिस्दा (ग्राम- सरपंच) सहित समिति के सदस्यों ने समस्त धर्म प्रेमियों को इस भक्तिमय आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर आनंद लेने की अपील की है।

# रविशंकर स्टेडियम में बना बैडमिंटन कोर्ट प्रतिभाओं को मिलेगा प्रैक्टिस का मौका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

दुर्ग के खिलाड़ियों के लिए आज का दिन खास रहा। मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल पर दुर्गवासियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इंडोर बैडमिंटन कोर्ट की नई सौगात मिली। रविशंकर स्टेडियम परिसर के पास तैयार इस नवनिर्मित कोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नागरिक एवं बड़ी संख्या में मौजूद खिलाड़ीगण ने शामिल हुए बैडमिंटन खेलकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाये और बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए सरकार का आभार जताया। शिक्षा ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग रविशंकर स्टेडियम परिसर में शहर के प्रथम इंडोर बैडमिंटन कोर्ट भव्य लोकार्पण। यह अत्याधुनिक इंडोर सुविधा न सिर्फ खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करेगी, बल्कि खिलाड़ियों को ऊर्जा देने की दिशा में मजबूत कदम है। इस कोर्ट के साथ ही शहर में स्वीमिंग पुल और बघेरा में स्टेडियम का निर्माण जारी है जिससे खिलाड़ियों का प्रैक्टिस करने उपयुक्त स्थल मिल सके और उनके खेल प्रतिभा को तराशा जा सके। उन्होंने आगे कहा की 1.50 करोड़ की लागत से लगभग 13,500 स्क्वायर फीट पर निर्मित इस भवन को अत्याधुनिक बनाया गया है। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, श्याम शर्मा, शशि द्वारिका साहू, शिव नायक, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, मनीष साहू, लीलाधर पाल, संजय अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।



### भिलाई तीन में एक साथ तीन जगह का ताला टूटा

**भिलाई।** तीन अलग-अलग जगह ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि श्यामनगर श्याम वाटिका भिलाई तीन निवासी ममता नायक के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया। परिजनों सभी अपने अपने काम में निकल थे। वापस घर पहुंचने पर पता चला कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान से नगदी रकम समेत 1.60 लाख रुपए का सामान पार हो गया है। वहीं दूसरी चोरी फैक्ट्री अकलोरडीह में हुई है। जिसकी शिकायत सुपरवाइजर हाउसिंगबोर्ड कालोनी जामुल निवासी राहुल केसरवानी ने किया है। जहां हर्ष इंड्रस्ट्रीज कम्पनी अकलोरडीह में है। जहां गोडाउन से कापर बिजली वायर गायब हो गया है। कंपनी में लगे सीसी कैमरों को चेक करने पर गोडाउन से अज्ञात चोर बिजली वायर लगभग 737 मीटर वायर 50 हजार का पार कर दिया। तीसरी घटना चरोदा स्थित स्कूल में हुई है। जहां हुडको सेक्टर निवासी जेपी श्याम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय चरोदा मे प्राचार्य है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**कर्म और ज्ञान मार्ग भी महत्वपूर्ण, लेकिन अंतिम उद्धार केवल भक्ति से संभव**

# भक्ति मार्ग ही अंतिम लक्ष्य प्राप्ति का साधनः स्वामी युगल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 16 दिन स्वामीयुगल शरण ने बताया कि ईश्वर प्राप्ति के लिए 3 मार्ग है। कर्म, ज्ञान और भक्ति, कर्म मार्ग को जो अपनाते हैं, उसको कमएँ, ज्ञान मार्ग को जो अपनाते हैं, उसको ज्ञानी और भक्ति मार्ग को जो अपनाते हैं उसको भक्त कहा जाता है। परंतु वास्तविक लक्ष्य प्राप्ति का तो एक ही मार्ग है, वो है भक्ति मार्ग।

केवल कर्म करने से कर्मी को और आत्मज्ञान होने से ज्ञानी को अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सकता। लक्ष्य प्राप्ति के लिए भक्ति करना ही पड़ेगा। सगुण साकार भगवान की भक्ति करने से कर्मी कर्मयोगी और ज्ञानी ब्रह्मज्ञानी बन सकता है। इसलिए भक्ति सर्वोपरि है। ब्रह्मानंदी को आनंद का केवल फीलिंग होता है, लेकिन देख नहीं पाते, सुन नहीं पाते, सुंघ नहीं पाते प्रेमानंदी को आनंद का फीलिंग भी होता है, इसके साथ अपने आँखों से भगवान का दर्शन, कान से भगवान का दिव्य शब्द भी सुन सकता है, नाक से उनकी दिव्य सुगंध भी ले सकता है और त्वचा से स्पर्श भी कर सकता है। अर्थात पाँचों इंद्रियों का विषय भगवान के सम्बंधित ग्रहण कर सकता है। प्रेमानंद में रस का विलक्षणता है। इसलिए ब्दी भी प्रेमानंद चाहते हैं।



कलयुग में अद्वैतवाद के प्रवर्तक थे आदि जगद्गुरु शंकराचार्य। उन्होंने जगत में कुछ ओर प्रचार किया लेकिन स्वयं छुप छुप कर कुछ और कर रहे थे। शंकराचार्य अहं ब्रह्मास्मि, निर्गुण निर्विशेष निराकार ब्रह्म के बारे में जगत को बतलाया, लेकिन स्वयं छिप छिप कर श्रीकृष्ण भक्ति कर रहे हैं। उनको ऐसा करना पड़ा क्योंकि उस समय देश काल कि स्थिति ऐसी थी कि लोग नास्तिकता की ओर जा रहे थे। कर्मकांड का प्रचार–प्रसार तो बहुत था। लेकिन कर्मकांड़ गलत ढंग से हो रहा था। वेद का खंडन हो रहा था। इसलिए शंकराचार्य को अपना एक सिद्धान्त रखना पड़ा। गंगाजी की तट पर बैठकर गगांजी को कह रहे हैं कि श्रीकृष्ण से पूछना हमारा उद्धार कब करेंगे, जब उनके एक शिष्य ने शंकराचार्यजी से पुछा, आपकी इष्ट कौन है तो उत्तर में शंकराचार्य श्रीकृष्ण का श्रृंगार का वर्णन करके स्वयं धन्य हो गये और कहते हैं कि घनश्याम ही उनके इष्ट हैं।

ब्रह्माजी वेदों को तीन–तीन बार मंथन किया और कहा कि यदि तुम भक्ति करना चाहते हो तो बस, हरि का ध्यान करो, उनकी भक्ति करो, उपासना करो जो नातिसक्त या नातिविरक्त है, अर्थात जो ना अधिक आसक्त है ना अति विरक्त है, उसको भक्ति मार्ग अपनाना चाहिए। अन्वय–भक्ति ही एकमात्र मार्ग जिससे लक्ष्य की प्राप्ति होगी। कर्म से स्वर्ग की प्राप्ति, ज्ञान से अज्ञानता जाएगी। कर्म और ज्ञान से लक्ष्य प्राप्ति नहीं होगी, जब ये दोनों भक्ति मिश्रित होंगे, तब वे कर्मयोग और ज्ञानयोग कहलाएंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411